CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:40 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 7:15 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 190 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 19 जनवरी 2026

रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिए...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 15 वर्षीय किशोरी लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हल्द्वानी।** क्षेत्र से एक 15 वर्षीय किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार गुसाई नगर, वी-मार्ट के पास, थाना हल्द्वानी क्षेत्र निवासी रेखा सिंह ने अपनी पुत्री रितिका सिंह की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। परिजनों के अनुसार रितिका सिंह 18 जनवरीको शाम करीब 7 बजे घर से पेन लेने के लिए निकली थी, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटी। परिजनों ने आसपास के क्षेत्रों में काफी तलाश की, रिश्तेदारों और परिचितों से भी पूछताछ की, परंतु किशोरी का कोई सुराग नहीं लग पाया। परिजनों ने थाना हल्द्वानी में गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की शीघ्र तलाश किए जाने की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले की जांच एवं खोजबीन शुरू कर दी गई है।

### सट्टा खेलते दो गिरफ्तार, 9070 नकदी बरामद

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में पुलिस ने जुएसट्टे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान रहमान मेडिकल से आगे एक बगल की गली में इकबाल परचून की दुकान के सामने स्थित एक कमरे में दबिश देकर दो सटोरियों को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपियों में अपने नाम मोहम्मद निशार पुत्र स्वर्गीय नूर मोहम्मद निवासी वार्ड नंबर 14, नूरी मस्जिद बनभूलपुरा और इरफान पुत्र स्वर्गीय इकबाल अहमद निवासी वार्ड नंबर 14 मोहम्मदी चौक बनभूलपुरा बताया। उनके पास से सट्टा पर्ची और 9070 नकद बरामद किए गए। दोनों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### 750 ग्राम अवैध चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**हल्द्वानी।** जिले मेंनशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने सतवाल पेट्रोल पंप के आसपास होटल, ढाबों व ठेलों की चेकिंग के दौरान एक युवक को चरस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मंडी चौकी पुलिस को मंडी बाईपास क्षेत्र में नशेड़ियों की शिकायत मिली। इसके बाद संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया गया। मंडी बाईपास रोड किनारे एक युवक बाइक पर बैठा मिला, जो पुलिस को देखकर घबराकर भागने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को मोटरसाइकिल सहित पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम गोपाल सिंह पुत्र किशन सिंह निवासी ग्राम सुनकिया भटेलिया थाना मुक्तेश्वर बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह गांव से अलग-अलग जगहों से चरस इकट्ठा कर मंडी बाईपास क्षेत्र में बेचने आया था। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे कोर्ट में पेश करने की तैयारी की जा रही है।

## बाबा जसवंत नाथ जी महाराज की पुण्यतिथि पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**चम्पावत**
हमारे संवाददाता

गुरु गोरखनाथ मठ में आज सिद्ध पुरुष बाबा जसवंत नाथ जी महाराज की पुण्यतिथि के पावन अवसर पर गहरी श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। प्रातःकाल बाबा जसवंत नाथ जी के प्रतीकात्मक स्नान के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। मठ परिसर भक्तिमय वातावरण में हर-हर महादेव और जय गुरु गोरखनाथ के जयघोष से गूंज उठा।

इस अवसर पर हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित नेपाल सीमा से जुड़े क्षेत्रों से नाथ संप्रदाय के संत-महात्माओं का भव्य समागम हुआ। नाथ संप्रदाय का यह विश्व प्रसिद्ध मठ प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र रहा है, जहां पीढ़ियों से लोग पूजा-अर्चना करते आ रहे हैं। प्रातः आश्रम के बाबा रामनाथ जी महाराज की देखरेख में पंडित धीरेंद्र पांडे द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना एवं विश्व कल्याण हेतु हवन-यज्ञ संपन्न कराया गया।

हवन-यज्ञ में रोहतक से पधारे बाबा शंकर नाथ जी, बाबा विजय नाथ जी, साईं नाथ जी, जमुना गिरी जी महाराज तथा मानेसर धाम के धर्मराज पुरी महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने सहभागिता की और श्रद्धालुओं को अपना दिव्य आशीर्वाद प्रदान किया। संतों की उपस्थिति से मठ परिसर में आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। गुरु गोरखनाथ मठ की विशेष पहचान यहां सतयुग से प्रज्वलित अखंड धूणा है, जो शताब्दियों से निरंतर जलता आ रहा है। श्रद्धालु इस अखंड धूणे में लकड़ी अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। मान्यता है कि इसी पावन स्थल पर बाबा जसवंत नाथ जी महाराज ने 28 वर्षों तक कठोर तपस्या की थी। यह तीर्थ स्थल नेपाल सीमा से लगे 84 गांवों की नाली से जुड़ा हुआ है, जिसके कारण नेपाल में भी बाबा के असंख्य श्रद्धालु हैं। मठ में शताब्दियों से विभूति को ही प्रसाद के रूप में प्रदान किए जाने की परंपरा चली आ रही है। विशेष मान्यता है कि यहां श्रद्धा भाव से आने वाली निसंतान महिलाओं की गोद भरती है, जिससे यह स्थान जन-जन की आस्था का अद्वितीय केंद्र बना हुआ है। चारों ओर से घिरे हरे-भरे वनों को लेकर मान्यता है कि इन वनों की रक्षा स्वयं अष्टभैरव करते हैं, इसी कारण आज तक यहां के वनों को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है।



चमोली के 484 गांव ने की महापंचायत

## नंदा देवी राजजात यात्रा 2026 स्थगित करने पर खड़ा हुआ विवाद

**चमोली**
हमारे संवाददाता

नंदा राजजात यात्रा स्थगित किए जाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस संबंध में आज महापंचायत की गई है। नंदा राजजात हर 12 वर्ष में आयोजित होने वाली सबसे लंबी पैदल यात्रा है। 280 किमी लंबी यह यात्रा 20 दिन चलनी थी। लेकिन अब समिति का कहना है कि यह जात इस वर्ष नहीं हो सकेगी।

मां नंदा धाम कुरुड़ को पर्यटन मानचित्र पर उच्च स्थान देने सहित नंदाजात 2026 को लेकर विवाद के बीच नंदा नगर ब्लॉक सभागार में 484 गांव की महापंचायत हुई। रविवार को नंदा राजजात 2026 को श्रीनंदा राजजात समिति नौटी स्थगित करने का फैसला ले चुकी है, जिसे लेकर विवाद खड़ा हो गया। वहीं मां नंदा सिद्धपीठ कुरुड मंदिर समिति कुरुड से नंदा की बड़ी जात शुरू करने की मांग कर रही है, जिसे लेकर महापंचायत की गई। इस वर्ष अगस्त-सितंबर माह में प्रस्तावित हिमालीय महाकुंभ श्रीनंदा देवी राजजात 2026 को स्थगित कर दिया गया है। इस साल मलमास होने के कारण यात्रा सितंबर माह के अंत में समाप्त होने, यात्रा समाप्ति पर बुग्यालों में बर्फ होने, राजजात के पड़ावों पर ढांचागत सुविधा के कार्य नहीं होने और प्रशासन के पुनर्विचार पत्र पर समिति ने इसका फैसला लिया। अब वसंत पंचमी को राजजात किस वर्ष होगी इसका कार्यक्रम जारी किया जाएगा।



कांसुवा-नौटी से होमकुंड और वापस नौटी तक होने वाली सचल महाकुंभ श्रीनंदा देवी राजजात का इंतजार बढ़ गया है। बीते तीन वर्षों से समिति ने इस वर्ष अगस्त-सितंबर माह में यात्रा प्रस्तावित की थी लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। रविवार को कर्णप्रयाग में आयोजित श्रीनंदा देवी राजजात समिति की कोर कमेटी की बैठक की गई। समिति के अध्यक्ष और कांसुवा के राजकुंवर डॉ. राकेश कुंवर की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बीते वर्ष अक्तूबर माह में हुई अध्ययन यात्रा की रिपोर्ट और प्रशासन के पुनर्विचार पत्र को आधार बनाया गया। साथ ही कहा गया कि मई-जून में मलमास के कारण होमकुंड में पूजा की तिथि 20 सितंबर पड़ रही है।

## केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना का लाभ प्रदान किए जाने का ऐतिहासिक निर्णय सराहनीय

**किच्छा**
हमारे संवाददाता

प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा किच्छा नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार में सम्मिलित ग्राम सभाओं को केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना का लाभ प्रदान किए जाने के ऐतिहासिक निर्णय पर सिरौलीकला में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का सिरौलीवासियों ने स्वागत किया।

सीएम धामी का आभार व्यक्त किया। पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामित्व योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की पुरानी आबादी में निवास कर रहे लोगों को उनके आवासीय भूखंडों का वैधानिक मालिकाना हक प्रदान करना है, जिससे उन्हें सामाजिक, आर्थिक और कानूनी रूप से सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सीएम धामी ने जनभावनाओं को समझते हुए इस महत्वपूर्ण विषय पर संवेदनशील और दूरदर्शी निर्णय लिया। प्रदेश सरकार ने नगर पालिका क्षेत्रों के विस्तार में शामिल हुए ग्रामीण क्षेत्रों को भी स्वामित्व योजना का लाभ देने का निर्णय किया और इसके तहत प्रदेश की चार नगर पालिकाओं को प्रथम चरण में शामिल किया गया। जिनमें कुमाऊं मंडल से अल्मोड़ा एवं किच्छा नगर पालिका को विशेष रूप से स्थान दिया गया है। किच्छा नगर पालिका के विस्तार में शामिल बंडीया, देवरिया, आजादनगर एवं सिरौलीकला के निवासियों को अब स्वामित्व योजना का प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण एवं आवश्यक प्रक्रियाओं का कार्य नगर पालिका द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे शीघ्र ही पात्र नागरिकों को उनके आवासीय भूखंडों के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा सकेंगे।

**स्वागत**
- सिरौलीकला में पूर्व विधायक शुक्ला का स्वागत

यह निर्णय आम नागरिकों के वर्षों पुराने सपने को साकार करने की दिशा में एक ठोस कदम है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूल मंत्र के साथ कार्य कर रही है।कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष हारून मलिक, जीसान मलिक, गुड्डु मलिक, सैयद गुड्डु मियां, हाजी नासिर खान, अखलाक अहमद, अबरार खा, हाजी अतर,माजिद मंसूरी, तौफीक अहमद, रईस मलिक, इदरीस मलिक, डॉ जफर, शहजाद, इफ्तिखार मियां, अबरार खान, ताहिर मलिक, शकील खान, इम्तियाज हुसैन आदि मौजूद रहे।

## सुखवंत सिंह मामले में एफआईआर दर्ज कर सीबीआई जांच की मांग

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

कोतवाली आईटीआई क्षेत्र निवासी किसान सुखवंत सिंह ने जनपद नैनीताल क्षेत्र में खुद को गोली मारकर की गई खुदकुशी के मामले में गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी की रुद्रपुर गोल मार्केट गुरुद्वारा में बैठक हुई।

जिसमें सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव पास किए गए। बैठक में तय किया गया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री, राज्यपाल और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी समेत अन्य लोगों को मांगों के साथ एक पत्र लिखा जाएगा। गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी ने मांग की है कि जिस तरह से मृतक सुखवंत सिंह ने अपनी वीडियो में जिन-जिन आरोपियों का नाम लिया है भले वह कोई पब्लिक का आदमी है या कोई पुलिस से संबंधित पुलिस अधिकारी उन सभी पर एफआईआर दर्ज करके इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जाए। बैठक के बाद सेंट्रल कमेटी के सेक्रेटरी प्रतिपाल सिंह,गुरमीत सिंह,मंजीत सिंह मक्कड़ समेत कमेटी के अन्य लोगों ने बताया कि थाना इंचार्ज कुंदन रौतेला ने सिख समाज के लिए बहुत ही भद्दी और ना सहने योग्य शब्दावली का इस्तेमाल किया है जो बहुत ही निंदनीय है। गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी ने मांग की कि कुंदन रौतेला जैसे आदमी पुलिस महकमें में अपनी सेवाएं देने लायक नहीं है। इसलिए कुंदन रौतेला को केवल सस्पेंड ही नहीं बल्कि उसे तुरंत बर्खास्त किया जाए। क्योंकि भाई सुखवंत सिंह ने आत्महत्या शासन प्रशासन की घोर लापरवाही और शासन प्रशासन के द्वारा अपनी ड्यूटी और फर्जों को पूरा न करने के कारण की गई है।



इसलिए गुरुद्वारा सिख केंद्रीय कमेटी यह मांग करती है कि सुखवंत सिंह के परिवार के अपने हुए चार करोड रुपए के आर्थिक नुकसान की भरपाई के अलावा शासन की तरफ से उसको अतिरिक्त 4 करोड रुपए परिवार को मुआवजे के रूप में दिए जाएं। जिस तरह से सुखवंत सिंह के परिवार के सदस्यों के बयान बदले जा रहे हैं या बदलवाए जा रहे हैं गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी यह महसूस करती है कि परिवारिक मेंबरों के ऊपर काफी दबाव है। ऐसे हालातो में सीबीआई की जांच और भी जरूरी है। गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी परिवार के

साथ हर तरीके से ख ? हैं। 20 जनवरी को सुखवंत सिंह की अंतिम अरदास है उसे अंतिम अरदास में अधिक से अधिक संगत को पहुंचाने की विनती की गई। 20 जनवरी तक इस मसले में की जाने वाली कार्रवाई को देखते हुए दोबारा फिर इस मसले पर श्री गुरुद्वारा सिख सेंट्रल कमेटी की मीटिंग जल्द ही बुलाई जाएगी। बैठक में कमेटी के प्रधान जोगिंदर सिंह,सुरमुख सिंह विर्क,गुरमीत सिंह अजमेर सिंह, हरजीत सिंह विरदी, जीत सिंह चाचू, बलविंदर सिंह, सोमपाल सिंह, परविंदर सिंह, अमनदीप सिंह, कमलजीत सिंह, हरि सिंह ग्रोवर, करनैल सिंह नागपाल, रंजीत सिंह,सुरेन्द्र सिंह ग्रोवर, हरविंदर सिंह जॉनी समेत अन्य मेंबर मौजूद थे।

# ग्रामीणों को 120 से अधिक सोलर लैंप वितरित किए

नैनीताल

हमारे संवाददाता

धारी लैंडस्केप के अंतर्गत ग्राम पंचायत च्यूरीगाड़ में ग्रामीणों को स्वच्छ ऊर्जा से जोडने् की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पहल की गई। हिमालय उन्नति मिशन के तत्वावधान में श्री ग्रामीण विकास कार्यक्रम ट्रस्ट तथा आर्ट ऑफ लिविंग एवं प्राणा सोलर लैंप पहल के सहयोग से 120 से अधिक सोलर लैंप वितरित किए गए।



आर्ट ऑफ लिविंग की रेशमा टंडन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य दूरस्थ हिमालयी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ साथ शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और सतत आजीविका को मजबूत करना है। सोलर लैंप का लाभ स्थानीय ग्रामीण परिवारों, स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं, युवा आचार्यों और आजीविका से जुड़े कार्यकर्ताओं को मिला जिससे शिक्षा, प्रशिक्षण और दैनिक कार्यों में सुविधा होगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमालय उन्नति मिशन के सीईओ एयर मार्शल (सेवानिवृत) विजय राणा ने कहा कि स्वच्छ ऊर्जा समाधान ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक हैं और हिमालय जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में ऐसे प्रयास पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक विकास को भी गति देते हैं।

हिमालय उन्नति मिशन के कार्यक्रम निदेशक अमित मेहता ने बताया कि प्राणा सोलर लैंप जैसे प्रयास बच्चों की पढ़ाई, महिलाओं की आजीविका गतिविधियों और सामुदायिक कार्यों को सशक्त बनाते हैं। वहीं मिशन की साझेदारी निदेशक अंजु बाहरी ने कहा कि विभिन्न संस्थानों और समुदायों के सहयोग से दीर्घकालिक और टिकाऊ विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है।इस दौरान आर्ट ऑफ लिविंग के जिला समन्वयक साहनी, ग्राम प्रधान च्युरीगाड, वन पंचायत सरपंच, समुदाय समन्वयक प्रकाश पचवाड़ी सहित ग्रामीण महिलाएं व युवा और स्वयंसेवक मौजूद रहे।



# श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह आज से, भव्य तरीके से सजाया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के ठंडी सड़क स्थित प्रसिद्ध श्री मां पाषाण देवी मंदिर का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव समारोह

सोमवार (आज) से शुरु होने जा रहा है। वार्षिकोत्सव के चलते पूरे मंदिर परिसर को बिजली की आकर्षक मालाओं से सजा दिया गया है जिसके चलते रात्रि में दूर से ही मंदिर की शोभा देखते ही बन रही है।

मंदिर के पुजारी पंडित जगदीश भट्ट के मुताबिक सोमवार (आज) को पहले दिन सुबह 8 बजे से श्री गणेश पूजन, शिव पूजन व रुद्री पाठ, अपराह्न एक बजे से सुंदरकांड के बाद भजन कीर्तन व प्रसाद वितरण जबकि शाम को 7 बजे से पंच आरती होगी। 20 जनवरी यानी मंगलवार को सुबह 7 बजे से गणेश पूजन, पंचागी कर्म, राम परिवार का पूजन के बाद अखंड रामायण पाठ की शुरुआत होगी वही शाम को 7 बजे से पंच आरती के बाद भजन कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण होगा वहीं अंतिम दिन 21 जनवरी यानी बुधवार को सुह के समय पूजन, अखंड रामायण पाठ की समाप्ति के बाद हवन व पूर्णाहुति के बाद अपराह्न एक बजे से कन्या पूजन के बाद दो बजे से श्री मां का समिष्ट भंडारा शुरु होगा जो देर शाम तक चलेगा।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए नैनीताल वन प्रभाग अलर्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आगामी गर्मी के मौसम में जंगलों को आग से बचाने के लिए नैनीताल वन विभाग ने प्राथमिकता से तैयारी शुरू कर दी हैं। आग से निपटने के लिए नैनीताल वन प्रभाग ने अपने 9 वन रेंजों में 70 क्रू स्टेशन बनाए हैं, जहां से जंगल की आग पर नजर रखने का काम किया जा रहा है।

बता दें कि बारिश न होने के चलते नैनीताल व आसपास के क्षेत्र के जंगलों में इन दिनों आग लगने की घटनाएं हो रही हैं। वहीं आगामी गर्मी के मौसम में आग की घटनाओं की संभावना भी बनी हुई है। जिसको देखते हुए वन विभाग ने तैयारी शुरू कर दी हैं। नैनीताल वन प्रभाग के डीएफ ओ आकाश गंगवार ने बताया कि जंगल की आग वन विभाग के लिए हमेशा चुनौती बनी रहती है। जंगलों की आग से प्रतिवर्ष अमूल्य प्राकृतिक संपदा समेत जीव जंतुओं को नुकसान होता है। जिसको देखते हुए 15 दिसंबर 2025 से 15 फ रवरी 2026 तक जंगलों में फ ायर लाइन काटने का कार्य किया जा रहा है। बताया कि नैनीताल वन प्रभाग के अंतर्गत 70 क्रू स्टेशन बनाये गए हैं साथ ही 280 वन रक्षकों को भी तैनात किया गया है। इसके अलावा जंगलों की निगरानी के लिए ग्राम प्रहरियों समेत युवक मंगल दलों को लगाया गया है ताकि जंगलों में आग लगने से बचाया जा सके।



## NEWS / फटाफट

### आधार कार्ड के मामले में जल्द डीएम से मिलने का फैसला

**नैनीताल** । युवा कॉंग्रेस के जिला सचिव प्रबल दर्मवाल ने कहा है कि जिले के रामगढ और आस पास के क्षेत्रों में बिना किसी कानूनी दस्तावेज या वोटर आईडी के नेपाल से आए संदिग्ध लोगों के आधार कार्ड बनाने के मामले सामने आ रहे हैं, बिना पहचान सुनिश्चित किए ऐसे दस्तावेज जारी करना राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि वह मामले को लेकर जल्द ही जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल से मिलेंगें। कहा कि ये लोग कौन हैं, कहां से आए हैं, इनकी पहचान कया है, इसकी जांच होनी आवश्यक है।

### जैकेट की चेन लगाने से मना किया तो हुआ विवाद

**नैनीताल**। नगर के मल्लीताल क्षेत्र में एक दर्जी की ओर से जैकेट में चेन न लगाने की बात पर ग्राहक शिकायत लेकर एसएसपी कार्यालय पहुंच गया। एसएसपी कार्यालय से मामला जांच के लिए कोतवाली पहुंचा तो चर्चा का विषय बन गया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक तल्लीताल निवासी एक व्यक्ति ने शिकायती पत्र में कहा था कि बीते नवंबर माह में वह अपने बच्चे की जैकेट में चेन लगवाने मल्लीताल एक दर्जी की दुकान में गया था। जहां उसने बच्चे की जैकेट देते हुए कुछ माह पूर्व उसकी जैकेट में लगाई गई चेन में सही से सिलाई नहीं होने की शिकायत की। यह सुन भड़कते हुए दर्जी ने बच्चे की जैकेट में चेन लगाने को मना कर दिया। जिस पर ग्राहक नाराज हुआ और ग्राहक की ओर से व्यापार मंडल, उपभोक्ता फ ोरम के साथ ही एसएसपी को पत्र भेजकर शिकायत की गई। व्यापार मंडल व उपभोक्ता फ ोरम ने शिकायत का संज्ञान नहीं लिया लेकिन शनिवार को एसएसपी कार्यालय से तल्लीताल थाने होते हुए शिकायती पत्र मल्लीताल कोतवाली पहुंचा, जिसे पढ़कर पुलिस कर्मी हैरत में पड़ गए। मामले में कोतवाली के एसआई मो. यूनुस ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों को कोतवाली बुलाकर पूछताछ की जा रही है।

### यातायात नियमों का उलंघन करने पर 25 के चालान काटे

**नैनीताल** । नैनीताल में रविवार को यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस सखत दिखी। पुलिस ने यातायात के नियमों का उलंघन करने वाले 25 लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि नगर में टैकसी चालकों, पर्यटकों और स्थानीय लोगों की ओर से सड़क किनारे वाहन पार्क करने से यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं पुलिस के सामने ही लोग बिना हेलमेट पहनें स्कूटी बाइक दौड़ा रहे हैं। जिसको देख लोग पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं। जिसको देखते हुए एसपी के निर्देश पर नागरिक पुलिस व यातायात पुलिस की ओर से रविवार को वृहद अभियान चलाकर यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत के नेतृत्व में मल्लीताल क्षेत्र में 12 व तल्लीताल क्षेत्र में 8 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई जबकि टीएसआई हरीश सिंह फ र्त्याल के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने 5 के खिलाफ चालानी कार्रवाई की।

### 10 स्थानों में लगा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**हल्द्वानी**। स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर राष्टीय स्वयंसेवक संघ के सेवा भारती विभाग हल्द्वानी ने 60 से अधिक एनएमओ सदस्यों व डॉक्टरों की टीम के साथ हल्द्वानी नगर एवं ग्रामीण सेवा बस्तियों में 10 स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाए। शिविरों में नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई।विशेष जांच व सुविधाएंबीपी, शुगर व सामान्य रोगों की जांच।आंखों की नि:शुल्क जांच, ऑपरेशन सुविधा एवं चश्मे वितरण।नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं, पुरुषों व बच्चों ने लाभ उठाया। स्थानीय एनएमओ डॉक्टरों व मेडिकल छात्रों ने सेवाएं दीं, जबकि संघ स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभालन किया। शुभारंभ व संबोधन मुख्य अतिथि क्षेत्र सेवा प्रमुख धनीराम ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। उन्होंने सेवा कार्यों की सराहना की, स्वामी विवेकानंद के विचारों को जीवन में उतारने व 'नर से नारायण' बनने का आह्वान किया। उपस्थित प्रमुख व्यक्ति जिला संघचालक डॉ. नीलंबर भट्टप्रदेश सह-मंत्री यशपाल सिंह बिष्टजिला अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी,जिला मंत्री एडवोकेट सुदर्शन राणाअन्य सेवा भारती कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# खेती व पशुपालन के साथ मछली पालन व मौन पालन से सुधर सकेगी किसानों की आर्थिकी

नैनीताल

हमारे संवाददाता

पहाड़ों में खेती व पशुपालन के साथ मछली तथा मौन पालन व मशरूम उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए जैव प्रौद्योगिकी परिषद पटवाडांगर प्रयास कर रहा है। परिषद की ओर से पहाड़ के किसानों को प्रशिक्षण देकर किसानों को आर्थिक स्थिति में सुधार के उपाय बताए जा रहे हैं।

बता दें कि जैव प्रोधोगिकी परिषद पटवाडांगर में पहाड़ों के किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। निदेशक डॉ. संजय कुमार कुमार के नेतृत्व में किसानों को खेती को नई तकनीकों के साथ करने की सलाह दी जा रही है। परिषद के प्रभारी डॉ. सुमित पुरोहित ने बताया कि परिषद में पहाड़ के किसानों को अच्छी तकनीक के साथ खेती करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। बताया कि एक वर्ष में लगभग 200 किसानों को निन्शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें खेती का सही तरीका व साथ में पशुपालन से दुग्ध उत्पादन करने की जानकारी दी जाती है साथ ही किसानों को पशुपालन व खेती के साथ मुर्गी व मछली व मौन पालन करने की सलाह व प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही किसानों को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बताया कि कई किसानो ने प्रशिक्षण के बाद अपनी आय बढ़ाई है। जो अब अन्य किसानों को तैयार कर रहे हैं। बताया कि परिषद की ओर से लगातार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# हब ऑफ लर्निंग' कार्यशाला का सफल आयोजन

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

सीबीएसई काउंसलिंग हब एंड स्पोक स्कूल मॉडल के अंतर्गत तथा नई शिक्षा नीति्2020 के अनुरूप बीएलएम अकादमी, हल्द्वानी में दिनांक 17 जनवरी 2026 को हब ऑफ लर्निंग वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं शिक्षकों में क्षमता संवर्धन, सहयोगात्मक अधिगम एवं समग्र विकास को बढ़ावा देना रहा।



इस शैक्षणिक कार्यक्रम में एसकेएम, डॉन बॉस्को, एवरग्रीन, एआरपी, इंद्रा अकादमी एवं जय अरिहंत विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं शिक्षाविदों ने सहभागिता की। कार्यशाला का मुख्य विषय ग्रोथ माइंडसेट रहा, जिसमें चुनौतियों को सीखने के अवसर के रूप में अपनाने, निरंतर प्रयास को सफलता की कुंजी मानने तथा गलतियों से सीखने की सकारात्मक सोच पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम के विशेष सत्र में विद्यालय की प्रधानाचार्या ने पावर मॉडल की विस्तार से व्याख्या करते हुए विद्यार्थियों को प्रभावी निर्णय-निर्माण, आत्मविकास एवं नेतृत्व क्षमता से संबंधित महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया।

कक्षा 11 की मनोविज्ञान की छात्राओं/छात्रों ने भी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करते हुए उत्साह, रचनात्मकता एवं आलोचनात्मक चिंतन का प्रभावशाली प्रदर्शन किया।विद्यालय की प्रबंधन समिति ने इस सफल आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं मानसिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया। साथ ही शिक्षकों के समर्पित प्रयासों एवं विद्यालय परामर्शदाता सुश्री हर्षिता पाठक द्वारा कार्यशाला के प्रभावी संचालन की भी सराहना की गई।

कार्यक्रम का समापन सहभागियों के सम्मान एवं अल्पाहार के साथ हुआ। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि बीएलएम अकादमी भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक, नवाचारात्मक एवं छात्र-केंद्रित कार्यक्रमों के माध्यम से हब एंड स्पोक मॉडल को सशक्त बनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी।

# अभिमत

## कश्मीर अधूरा

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि पाकिस्तान आतंकी ढांचे को खत्म करे अथवा गंभीर नतीजे भुगतने को तैयार रहे। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के बिना भारत का कश्मीर अधूरा है। राजनाथ सिंह के कथन का आशय है कि पीओके को भारत जब चाहेगा अपने देश का हिस्सा बना लेगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के लोग भी आतंकियों से परेशान हैं। पीओके के लोग विरोध करते हैं तो पाकिस्तान की सेना उनकी आवाज को दबा देती है।*

स्वतंत्रता प्राप्ति के समय धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हमेशा से विवाद का विषय रहा है। देश को तोड़ने के बाद पाकिस्तान ने स्वयं को इस्लामिक मुल्क घोषित कर भारत के खिलाफ दुश्मनी नहीं छोड़ी। धर्म के नाम पर अपने ही देश के लोगों का शोषण किया। मुल्क की राजधानी पश्चिमी पाकिस्तान में थी और पूर्वी पाकिस्तान के लोगों के साथ भेदभाव किया जाता था। पूर्वी पाकिस्तान के लोगों पर सेना द्वारा जुल्म किया जाता था। वर्ष 1971 में मुजीबुर्रहमान के नेतृत्व में बगावत की गई और पूर्वी पाकिस्तान को अलग राष्ट्र बांग्लादेश बना दिया गया। विभाजन होने के बाद भी पश्चिमी पाकिस्तान में लोकतंत्र को सेना के तानाशाहों ने सफल नहीं होने दिया। भारत के साथ पड़ोसी जैसा व्यवहार नहीं किया। सीधे युद्ध में बार-बार पराजित होने के बाद आतंकवाद का सहारा लिया। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से (पीओके) में आतंकवादियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। भारत ने कई बार आतंकवादियों का खात्मा करने की अपील की है, लेकिन पाकिस्तान आतंकियों को पनाह दे रहा है। पिछले साल अप्रैल में पाकिस्तान से आये आतंकियों ने पहलगाम में 26 पर्यटकों की हत्या कर दी। भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य कार्रवाई करके पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। इसके बाद भी पाकिस्तान हरकत से बाज नहीं आ रहा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक बार फिर चेतावनी दी है कि पाकिस्तान आतंकी ढांचे को खत्म करे अथवा गंभीर नतीजे भुगतने को तैयार रहे। राजनाथ सिंह ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के बिना भारत का कश्मीर अधूरा है। राजनाथ सिंह के कथन का आशय है कि पीओके को भारत जब चाहेगा अपने देश का हिस्सा बना लेगा। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के हिस्से के लोग भी आतंकियों से परेशान हैं और विरोध करते हैं तो पाकिस्तान की सेना उनकी आवाज को दबा देती है। पीओके के लोग भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से कई बार गुहार लगा चुके हैं कि उन्हें भारत में शामिल किया जाये। सीमा पार से आतंकवादियों की घुसपैठ कराकर भारत में हमले कराये जाते रहे हैं। पाकिस्तान ने अपने ही देश के युवाओं का माइंडवाश करके आतंकी प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। आतंकियों को पनाह देना सांप को पालने की तरह है। सांप मौका पाते ही पालने वाले को डसने से नहीं चूकता है। आतंकवादी पाकिस्तान के लिए भी नासूर साबित हो रहे हैं।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष को लेकर गहन मंथन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले में इन दिनों राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के सौ वर्ष पूरे होने के मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों व बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में रविवार को जिले के भवाली व गरमपानी में बैठक व कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

भवाली के पालिका सभागार में आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले हिंदू सममेलन की रूपरेखा तय करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की जानकारी देते हुए नगर संचालक कैलाश चंद्र सुयाल ने बताया कि बैठक में मुखय वक्ता के रूप में चंद्रशेखर (सह प्रांत प्रचारक) उपस्थित रहे। बैठक में अध्यक्ष का चुनाव समिति के आगामी भेंट कार्यक्रम के बाद तय करने का निश्चय किया गया और इसके साथ ही समिति की कार्यकारिणी का गठन किया गया। आम सभा में गठित संयोजक सभा में उपाध्यक्ष डा. प्रगति जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कंचन शाह तथा प्रकाश आर्य, संयोजक संजय वर्मा, सहसंयोजक पवन भाकुनी, कोषाध्यक्ष



बालम सिंह मेहरा व सह कोषाध्यक्ष आशु चंदोला का चयन किया गया। कार्यकारिणी की सदस्यों के रूप में आदित्य बोरा, वीरेंद्र रावत, पवन भाकुनी, जुगल मठपाल, नंदकिशोर पांडे व अंकित गौरव का चयन किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अगली बैठक में अन्य कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अगली बैठक 25 जनवरी (रविवार) को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में जिला संचालक हेम पांडे, नगर जिला प्रचारक अमित, नगर कार्यवाह नैनीताल तथा एडवोकेट हाईकोर्ट ने भाग लिया। कार्यक्रम की व्यवस्था खजान भट्ट अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद तथा प्रकाश आर्य द्वारा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न अनुसांगिक संगठनों विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल,भारतीय जनता पार्टी तथा गौ रक्षा दल तथा अधिवक्ता परिषद व विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

दूसरी ओर सरस्वती शिशु मंदिर गरमपानी में आयोजित कार्यक्रम के अतिथि सह प्रान्त बौद्धिक शिक्षण प्रमुख राजेश जोशी तथा भाजपा के वरिष्ठ नेता हेम चंद्र आर्य रहे। इस दौरान उन्होंने सौ वर्ष पूरे होने पर सभी क्षेत्रवासियों को बधाई दी। इस दौरान वक्ताओं में हिंदू धर्म के बारे में लोगों को जागरूक करने का आवाहन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जल्द समिति का विस्तार किया जाएगा। बताया कि गरमपानी में चार मंडल हैं जिसमें गरमपानी,रातीघाट व सुयालबाड़ी और सिमलखा शामिल हैं जिसमें संयोजक,सहसंयोजक व कोषाध्यक्ष आदि की नियुक्ति की जाएगी व 8 फ रवरी (रविवार) से आगामी कार्यक्रमों की तैयारी की जाएगी। आगामी दिनों में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कहा कि जिसमें सभी समुदाय के लोग प्रतिभाग करेगें। कार्यक्रम में शीलनिधि प्रांत बाल विद्यार्थी प्रमुख, मनोहर जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख समेत दिनेश पाण्डेय, मदन मोहन कैड़ा, चंद्रशेखर, कुंदन सिंह जीना, नरेंद्र, महिपाल, डिकर, प्रेम कुमार, दीपक, दीपक पांडे, नीरज बिष्ट ,रमेश सुयाल, उमेश जलाल, विनोद जलाल हीरा सिंह बिष्ट, त्रिभुवन सिंह,कमल बधानी, मनोज कुमार, दिनेश फुलारा, निर्मला जोशी, गंगा जलाल, राधा जलाल, उषा पीनारी, गीता प्रधान, गीता पाठक, ललिता, ललित दानी, पवन ,अमन कुमार व मदन मोहन आदि मौजूद रहे।

## धारी क्षेत्र में तेंदुए की दहशत, वन विभाग की उड़ी नींद

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी विकास खंड के आसपास के गाँवो में पूर्व में दो महिलाओं को गुलदार ने निवाला बनाकर मौत के घाट उतार दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने वन विभाग से ठोस कदम उठाने की माँग की थी, जिसके बाद से बीते 26 दिसंबर 2025 के बाद वन विभाग की टीम अलर्ट मोड़ पर आ गयी है।

वर्तमान में विभाग की ओर से गुलदार को पकडने् के लिए करीब सौ ट्रैंप कैमरों के साथ 11 पिंजरे और 60 से अधिक वन कर्मियों की ड्यूटी गश्त के लिए लगातार लगाया गया है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम विपिन कुमार गुप्ता से बदलकर विपिन गुप्ता रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे विपिन गुप्ता नाम से जाना, पहचाना जाये। - **विपिन गुप्ता पुत्र ब्रज मोहन लाल गुप्ता, 7/183, वार्ड नं0 16, रेलवे बाजार, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखण्ड)।**

# मलखान हत्याकांड का खुलासा, पुलिस ने दो आरोपी दबोचे

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने मलखान कोली हत्याकांड का खुलासा करते हुए दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद की। पुलिस कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को प्रीत विहार फाजलपुर महरौला से सटे एक फार्म हाउस के खड्डर के पास एक व्यक्ति की लाश खून से लथपथ पड़ी देख मौके पर लोगों की भीड़ लग गई थी। है। इसी बीच घटना की सूचना फार्म का देखरेख मैनेजर हाकिम अली ने पुलिस को दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में मृतक की शिनाख्त रम्पुरा निवासी मलखान कोली के रूप में हुई थी। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि घटना का खुलासे के लिए प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम में एसएसआई केसी आर्या, एसएसआई अनिल जोशी समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल किए गए। एसएसपी ने बताया कि पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस को सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों की पहचान हुई। पुलिस पूछताछ में दोनों ने मलखान कोली की ईंट पत्थर से कुचल कर हत्या करने की बात कबूल की। एसएसपी ने बताया कि पुलिस की जांच में शराब के नशे के विवाद में हत्या की वजह निकली। उन्होंने बताया कि दोनों के नाम अमित कोली उर्फ अमिताभ और वीरपाल है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई शुरू की।



### विधायक शिव समर्थकों के साथ पहुचे कोतवाली

रुद्रपुर। क्षेत्र के विधायक शिव अरोरा समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कोतवाल मनोज रतूड़ी से मुलाकात की, इस दौरान विधायक ने कहा कि जिस परिवार के सदस्य की हत्या कर दी गई, उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। विधायक ने कहा कि वह मृतक के परिजनों के साथ खड़े हैं। जिन्होंने ने भी घटना को अंजाम दिया है, उन्हें जल्द ही पकड़ा जाए। कोतवाल ने विधायक की बातों को सुना और आश्वासन दिया। आरोपी जल्दी ही पुलिस के शिकंजे में होंगे। बता दें कि विधायक के कोतवाली पहुंचने से पहले ही पुलिस ने हत्या करने वाले दोनों आरोपियों को पकड़ लिया था। दोनों से पुलिस पूछताछ कर रही थी।

# फिल्मी दुनिया

## कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिए पोज





*कबीर बहिया ने कृति सेनन के साथ तस्वीरें शेयर की हैं। इस पर नूपुर और स्टेबिन बेन ने कमेंट किया है। फैंस इसे लेकर कई कयास लगा रहे हैं। कृति सेनन के बारे में कुछ समय से यह अफवाह है कि वह कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों ने कई बार एक ही लोकेशन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसकी वजह से नेटिजन्स का इस पर ध्यान गया कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन ने अपने बॉयफ्रेंड स्टेबिन बेन से शादी की। इस शादी में कृति और कबीर को एक ही कार में आते हुए देखा गया। कबीर ने अब शादी की तस्वीरों शेयर की हैं। कृति के साथ उनकी अकेले की फोटो ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा है।*

*कबीर बहिया ने इंस्टाग्राम पर जो तस्वीरें शेयर की हैं, उसमें तीसरी स्लाइड में वह कृति के साथ नजर आ रहे हैं। इसमें कृति ने गाउन पहना है, जबकि कबीर ने व्हाइट आउटफिट पहना है। एक और तस्वीर में कबीर हल्दी सेरेमनी के दौरान कृति और वरुण शर्मा के साथ पोज देते हुए दिख रहे हैं। एक तस्वीर में, वह दूल्हे स्टेबिन के साथ दिख रहे हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए कबीर ने लिखा अच्छी यादें और अच्छे लोग। इस पोस्ट पर नूपुर सेनन ने कमेंट करते हुए लिखा माफ करना? यह किसकी शादी है? इसमें मैं क्यों नहीं हूं? वरुण शर्मा ने कमेंट किया, भाई। पोस्ट पर स्टेबिन बेन ने दिल वाला इमोजी बनाया।*

### कृति ने रिश्ते को आधिकारिक नहीं किया

*आपको बता दें कि न तो कृति और न ही कबीर ने अपने रिश्ते को ऑफिशियली कन्फर्म किया है। हालांकि फैंस ने उनकी तस्वीर पर दिल वाले इमोजी भेजे। जब कृति सेनन, ट्विंकल खन्ना और काजोल के शो टू मच में आई थीं और उनसे उनके क्रश के बारे में पूछा गया था, तो उन्होंने सिर्फ इतना बताया था कि, वह इंडस्ट्री से नहीं है।*

# निवेश के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

**हल्द्वानी।**

हमारे संवाददाता

शहर निवासी एक व्यक्ति ने जीएमएफएक्स ग्लोबल कंपनी के मालिकों पर निवेश के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित पार्थ पराशर पुत्र प्रेम प्रकाश बुधलाकोटी, निवासी मुखानी, हल्द्वानी, जिला नैनीताल के अनुसार 22 नवंबर 2024 को मालिक बिमल रावत, रूबी रावत तथा उनके सहयोगी अनूप कण्डारी द्वारा उन्हें एक निवेश योजना के बारे में जानकारी दी गई।

आरोप है कि संबंधित व्यक्तियों ने यह आश्वासन दिया कि वे निवेश की गई धनराशि को मार्केट ट्रेडिंग में लगाकर 25 से 30 महीनों के भीतर दोगुना कर देंगे। उन्होंने कुछ अन्य निवेशकों की सूची भी दिखाई, जिन्हें नियमित रूप से भुगतान किए जाने का दावा किया गया। इन बातों पर विश्वास कर पार्थ पराशर ने कुल 10,00,000 का निवेश किया। पीड़ित के अनुसार यह धनराशि उनकी पत्नी गीता पराशर के एसबीआई बैंक खाते से जीएमएफएक्स ग्लोबल कंपनी के खाते में ट्रांसफर की गई, जिसमें 5,00,000 22 नवंबर 2024 को तथा 5,00,000 20 दिसंबर 2024 को जमा किए गए। इसके बदले कंपनी की ओर से उनकी पत्नी के नाम पर एक एग्रीमेंट दिया गया, जिसमें प्रति माह 4 प्रतिशत मूलधन और 4 प्रतिशत ब्याज, कुल 8 प्रतिशत मासिक भुगतान का उल्लेख था। हालांकि, अब तक कंपनी की ओर से केवल 1,90,000 मूलधन और 1,90,000 ब्याज, कुल 3,80,000 ही वापस किए गए हैं। शेष 8,10,000 की राशि वापस नहीं की जा रही है। पीड़ित का आरोप है कि बार-बार संपर्क करने के बावजूद संबंधित लोग फोन नहीं उठा रहे हैं और न ही धनराशि लौटाने को लेकर कोई जवाब दे रहे हैं। पीड़ित ने इसे सुनियोजित धोखाधड़ी बताते हुए बिमल रावत, रूबी रावत एवं अनूप कण्डारी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है तथा अपनी शेष धनराशि वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है।

## News कॉर्नर

### अंगीठी के धुएं से चार साल की बच्ची की मौत, मां को एम्स ऋषिकेश किया रेफर

टिहरी। कोटीकॉलोनी स्थित सीआईएसएफ कॉलोनी में ठंड से बचने के लिए जलाई गई अंगीठी का धुआं चार साल की मासूम बच्ची के लिए जानलेवा साबित हुआ। दम घुटने से बच्ची की मौत हो गई, जबकि उसकी मां की हालत गंभीर बनी हुई है।
महाराष्ट्र के अहमदनगर निवासी गणेश पालवे सीआईएसएफ में कॉस्टेबल के पद पर तैनात हैं। उनका परिवार कोटीकॉलोनी स्थित सीआईएसएफ कॉलोनी में रहता है। जानकारी के अनुसार, गणेश पालवे अस्वस्थ होने के कारण उपचार के लिए देहरादून गए हुए थे। 16 जनवरी की शाम ठंड से बचने के लिए उनकी पत्नी मोनिका गणेश पालवे (37) ने कमरे में अंगीठी जलाई। रात के समय अंगीठी कमरे के अंदर ही रख दी। अगली सुबह लगभग 10 बजे तक जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास रहने वाले लोगों ने उनका दरवाजा खटखटाया, लेकिन भीतर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

### 21 से 24 तक बारिश-बर्फबारी के आसार

देहरादून। उत्तराखंड में दो दिन बाद मौसम बिगड़ने के आसार हैं। आज 19 व 20 जनवरी को प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार 21 से 24 जनवरी तक पर्वतीय जिलों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में कोहरा छाने से तापमान में गिरावट देखने को मिल सकती है।
21 जनवरी को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है। जबकि 3400 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। ऐसा ही हाल 24 जनवरी तक रहने के आसार हैं।

# कुमंविनि सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण सामिति के गुरुरानी बने प्रदेश अध्यक्ष

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सेवानिवृत कर्मचारी कल्याण समिति कुमाऊं मंडल विकास निगम के रविवार को हुए अधिवेशन में राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी को सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया।

बता दें दिनेश गुरुरानी कुमाऊं मंडल विकास निगम के संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं मंडल विकास निगम व संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के विगत 30 वर्षों से प्रदेश अध्यक्ष रहे हैं जो कि राज्य में एक रिकॉर्ड है। सेवानिवृत के बाद पुन: प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। गुरुरानी द्वारा राज्य में कुमाऊं मंडल विकास निगम व गढ़वाल मंडल विकास निगम के संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को लेकर एक नई पहल



पौधारोपण अभियान जो 24 जुलाई 2024 से चलाया गया वह निरंतर जारी है। पौधारोपण अभियान का नाम इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड में भी दर्ज हो चुका है। गुरुरानी को पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए पांच बार मुखयमंत्री द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। वर्तमान में दिनेश गुरु रानी उत्तराखंड क्रांति दल के टिकट से विधानसभा डीडीहाट से उममीदवारी कर रहे हैं।

अधिवेशन में दिनेश गुरुरानी ने कहा वह दोनों निगमों के लंबे समय से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन व नियमितीकरण की लड़ाई लड़ते रहेंगे ,साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों की लंबित देयकों व पेंशन प्रकरण को लेकर भी संघर्ष करेंगे । उन्होंने कहा कि उन्होंने कुमाऊं मंडल विकास निगम से कर्मचारी राजनीति की शुरुआत की, अब वह कर्मचारी राजनीति के साथ-साथ जनता की समस्याओं को लेकर सक्रिय राजनीति भी करेंगे।पौधारोपण अभियान के 552वे दिन काठगोदाम स्थित संघ भवन परिसर में राष्ट्रीय संघर्ष समिति के उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह अधिकारी, कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह नेगी समेत उत्तराखंड समन्वयक जगत सिंह डोभाल सहित गणेश मेलकानी, बृजमोहन सिजवाली, भुवन कांडपाल, बसंत जोशी, गोविंद मेहता, कुंवर सिंह कार्की, दीवान सिंह बिष्ट, मंगल सिंह बघरी तथा देवेंद्र पांडे सहित पौधारोपण अभियान से जुड़े। कार्यकारिणी के चुनाव में मुखय संयोजक भुवन कांडपाल,प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी, महामंत्री बसंत जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंगल सिंह बघरी, गोविंद सिंह मेहता उपाध्यक्ष, दीवान सिंह बिष्ट, कुंवर सिंह कार्की कार्यालय मंत्री, भुवन लाल शाह संयुक्त मंत्री, सतीश जोशी और बची राम आर्य प्रचारमंत्री, महेश चंद्र भट्ट संगठन मंत्री में गुमान सिंह कुमटिया, गिरधर सिंह मनराल और देवेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र कांडपाल को चुना गया।

कार्यकारिणी सदस्य में देवेंद्र पांडे, गोविंद बनकोटी, दिनेश जोशी, केशव दत्त नैनवाल, दिनेश सागुडी, मोहन चंद्र बेलवाल, लक्ष्मण सिंह बिष्ट, देवेंद्र चंदोला व गंगाराम को चुना गया। कार्यक्रम में कुमाऊं के सभी जनपदों से सेवानिवृत कर्मचारियों ने भाग लिया।

# चार दिन से ट्यूबवेल खराब, पेयजल को तरसे लोग, घेराव की दी चेतावनी

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

इंदिरा नगर बरसाती शनि बाजार रोड स्थित पानी का ट्यूबवेल जो पिछले तीन-चार दिनों से खराब पड़ा है।
12 बरामद का कार्य पिछले तीन-चार दिनों से चल रहा है। पार्षद फहीम देव सलमानी ने बताया कि ट्यूबवेल का कार्य बड़ा धीमा चल रहा है लोग एक-एक बाल्टी के लिए कई कई किलोमीटर दूर से लाकर अपना कार्य वह अपना गुजारा कर रहे हैं । पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने जल संस्थान के उच्च अधिकारियों को अगवत कराया कराया तब जाकर इंदिरा नगर में पानी के 12 लगे अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने अधिशासी अभियंता जल संस्थान ने जल्द ही ट्वेल्थ ठीक करने का आश्वासन दिया। पूर्व सभासद शकील अहमद सलमानी ने अधिशासी अभियंता को बताया कि पिछले तीन-चार दिनों से पानी का ट्यूब खराब पड़ा



है अक्टूबर बरामद का कार्य कछुआ गति से चल रहा है जल संस्थान के अधिकारी एक टैंकर पानी भी नहीं भेज रहे हैं सलमानी ने अधिशासी अभियंता को पूरी समस्या से अगवत कराया । पूर्व सभासद शकील अहमद ने कहा कि जल्द ही पानी की समस्या को हल न किया गया और खराब पड़े ट्यूबवेल को ठीक ना किया गया तो वह आम जनता को साथ लेकर कार्यालय का घेराव करेंगे।

आज शकील अहमद सलमानी ने अधिशासी अभियंता के सहयोग से समूचे क्षेत्र में पानी के 12 के माध्यम से पानी का वितरण किया 12 के माध्यम से लोगों को घरों तक पानी पचाने का प्रयास किया पिछले तीन-चार दिनों से इंदिरा नगर बरसाती इंदिरा नगर दुर्गा मंदिर इंदिरा नगर सबरी मस्जिद इंदिरा नगर छोटी सड़क आदि इलाकों में पीने के पानी का गंभीर संकट बना है ।

# किच्छा विधायक बेहड़ के पुत्र पर नकाबपोश बाईक सवारों ने हमला किया, आईसीयू में भर्ती

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के पुत्र और आवास विकास रुद्रपुर के पार्षद सौरभ बेहड़ पर बाईक नकाबपोश बदमाशों ने जानलेवा हमला कर दिया गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जानकारी ली। साथ ही घायल सौरभ को उपचार के लिए निजी अस्पताल पहुंचाया। फिलहाल पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। पुलिस टीम घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

किच्छा विधायक तिकलराज बेहड़ का परिवार आवास विकास रुद्रपुर में रहता है। उनका छोटा पुत्र सौरभ बेहड़ आवास विकास के पार्षद है। रविवार शाम को पूर्व में हुए विवाद के मामले में पंचायत के लिए सौरभ आवास विकास चौकी जा रहे थे। जब वह आवास विकास पहुंचे तो बाईक सवार नकाबपोश बदमाशों ने उनके स्कूटी को लात मारकर पहले नीचे गिराया। इससे सौरभ सड़क पर गिर गए। आरोप है कि इसके बाद बाईक सवार बदमाशों ने उन पर बेरहमी से हमला किया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए। इस पर किसी ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर थानाध्यक्ष ट्रांजिट कैंप मोहन पांडे के साथ ही किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल समेत शहर के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। साथ ही सौरभ को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी, सीओ सिटी प्रशांत कुमार अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी के पुलिस टीम को निर्देश दिए। फिलहाल पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से हमलावरों तक पहुंचने की कोशिश कर रही। इधर घटना की जानकारी पर बड़ी संख्या में समर्थक अस्पताल पहुंचे। इसके साथ ही आवास पर भी लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है।

### एसएसपी ने अस्पताल पहुंच घायल सौरभ से जानकारी ली

किच्छा विधायक के पुत्र पर हमला होने की सूचना पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि हमलावरों की जल्द गिरफ्तारी हो। चाहे वह कितना बड़ा क्यों हो।

### विधायक शिव और महापौर विकास भी पहुंचे

किच्छा विधायक के पुत्र पर नकाबपोश बदमाशों द्वारा हमला करने की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा और महापौर विकास शर्मा अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घटना की निंदा की। उन्होंने कहा कि हमलावर चाहे कोई भी हो, कार्रवाई होनी चाहिए।



# अंबेडकर गांव नरसिंह डांडा में रात्रि चौपाल, जिला प्रशासन की मौजूदगी से बढ़ा स्वाभिमान

लोहाघाट

हमारे संवाददाता

कभी अनुसूचित जाति समाज को सामाजिक भेदभाव और हीन भावना से गुजरना पड़ता था, लेकिन अब ये बातें बीते दिनों की हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मॉडल जिले चम्पावत में प्रशासन की संवेदनशील कार्यशैली से यह साफ नजर आने लगा है कि जब जिला प्रशासन सीधे बस्तियों तक पहुंचता है तो लोगों का स्वाभिमान अपने आप मजबूत होता है। शनिवार देर रात जिलाधिकारी मनीष कुमार ने अंबेडकर गांव नरसिंह डांडा में रात्रि चौपाल लगाकर यह संदेश दिया कि अब प्रशासन जनता को बुलाता नहीं, बल्कि स्वयं उनके बीच पहुंचता है। बस्ती के बीच चौपाल लगाकर डीएम ने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया, उनका हाल-चाल जाना और समस्याएं सुनीं। यह दिन गांव के इतिहास में एक यादगार दिन के रूप में दर्ज हो गया। ग्रामीणों ने जीआईसी में अंबेडकर भवन व बारात घर निर्माण, क्षेत्र पंचायत भवन की मरम्मत, जंगली जानवरों से बचाव के लिए तारबाड़, ओपन जिम, खेल मैदान और लाइब्रेरी जैसी मांगें रखीं। जिलाधिकारी ने सभी मांगों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए, जिस पर अगले ही दिन से संबंधित विभागों ने काम शुरू कर दिया। ललित को हुए नुकसान की भरपाई के आदेश दिए गए, उषा देवी को गौशाला उपलब्ध कराई गई। वहीं पिछले तीन वर्षों से वृद्धावस्था पेंशन के लिए परेशान लक्ष्मी के घर समाज कल्याण विभाग की टीम पहुंची और कागजात तैयार किए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि पात्र लोगों को पेंशन और दिव्यांगों को प्रमाण पत्र बनाने के लिए अधिकारी स्वयं गांव में आकर कार्य करेंगे। ग्राम प्रधान चंचला देवी ने कहा कि जिलाधिकारी को गरीबों के बीच बैठकर बात करते देख ऐसा लगा मानो ईश्वर ने गांव को एक बड़ा सहारा दे दिया हो। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि उन्होंने ऐसा जिलाधिकारी दिया है जो सबकी सुनता है और हर वर्ग से सीधे संवाद करता है।

# विश्वविद्यालय ने रामनगर में आयोजित की किसान चौपल

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

पंतनगर कृषि विष्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, मेरठ द्वारा संचालित अखिल भारतीय पशु शोध समन्वित परियोजना-फिजवाल द्वारा ग्राम रामनगर कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र-केलाखेड़ा में पशुपालकों एवं वैज्ञानिकों के बीच किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन डा. सीबी सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग, परियोजना अधिकारी ने किया। डा. सीबी सिंह ने सभी पशुपालकों एवं परियोजना टीम के सदस्यों के उत्साहवर्धन करने के साथ-साथ परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला गया। डा. बृजेश सिंह ने पशु प्रबंधन व प्रजनन संबंधी समस्याओं के सुझाव पर प्रकाश डाला साथ ही पशु पोषण सम्बन्धित समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पशुपालन के सभी तकनीकी आयामों को अपनाकर उन्नत पशु पालन करने एवं पशुओं के साथ अंगी-अंगा का भाव रखने की सलाह दी गयी। किसान चौपाल में पशुपालकों का पंजीकरण एवं सामग्री वितरण विष्णु तिवारी, डा. सीबी सिंह, प्राध्यापक प्रजनन विभाग द्वारा किया गया। किसान चौपाल में कुल 40 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# पर्यावरण विकास थीम पर एनएसएस का सात-दिवसीय विशेष शिविर प्रारंभ

पंतनगर

हमारे संवाददाता

विश्वविद्यालय के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात-दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

उद्घाटन मुख्य अतिथि डा. विपुल गुप्ता, कार्यवाहक अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय ने किया। मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डा. आषुतोष मिश्रा ने बताया कि यह विषेश षिविर द्वितीय वर्ष के 30 छात्रों द्वारा आयोजित किया जा रहा है जिसका मुख्य विशय 'पर्यावरण विकास' निर्धारित किया गया है जिसमें सभी स्वंयसेवक बेनी बस्ती में पर्यावरण विकास से सम्बंधित कार्य



करेंगे तथा परस्पर वार्तालाप, नुक्कड़-नाटक, रैली इत्यादि के माध्यम से जागरूकता फैलायेंगे। डा. विपुल गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देष्यों के प्रतिपूर्ति हेतु व्यवसायिक शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा करना भी अति आवश्यक है। उन्होंने छात्रों का आह्वान किया कि आपका पहला कर्तव्य बौद्धिक विकास है परन्तु आपके अन्दर स्नेह, सहानुभूति, सहिश्णुता, समर्पण, सेवा जैसे भाव भी होने चाहिए तभी आपका समग्र विकास होगा। कार्यक्रम में अन्य अतिथियों ने भी अपने विचार प्रकट किये तथा छात्रों से कहा कि शिविर के दौरान अपने विषय का ध्यान रखते हुए लोगों के बीच जागरूकता फैलाऐं। इस दौरान आपको अपने ग्रामीण समाज को समझने का मौका मिलेगा।उन्होंने छात्रों के चरित्र निर्माण उदारता एवं समाज को समझने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्रेयांसि तथा प्रेम प्रज्ञान ने किया।

कार्यक्रम के दौरान डा. विपुल गुप्ता, डा. राजेश, डा. अनूप कुमार, डा. आकांक्षा खाती,नवीन शर्मा, हरीश थापा,आदर्षिता पाठक, शिल्पी राठौर, जतिन पिंगल,दक्ष रावत, राघव कोहली, कु.स्मृति पंचपाल, दुहिता दास,हंसराज गौतम आदि मौजूद रहे।